राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श अपनाते जनजाति कल्याण के लिए करें कार्य

राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जन्म जयंती वर्ष के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर, 15 नवंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जन्म जयंती वर्ष के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

श्री बागडे ने कहा कि जल, जंगल और जमीन और मातृभूमि पर स्वराज का पैगाम देने वाले भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजाति गौरव, जनजातीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया। इसी से वह जनजातीय गौरव का प्रतीक बने। उनकी जयंती प्रति वर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का अर्थ है, हम उनके आदर्शों को अपनाकर जनजाति कल्याण और आदिवासी परंपराओं के संरक्षण के लिए कार्य करें।

———